# CBSE Class 8 Social Science Important Questions History Chapter 2 व्यापार से साम्राज्य तक कंपनी की सत्ता स्थापित होती है

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
ईस्ट इण्डिया कम्पनी को प्राप्त चार्टर (इजाजतनामा) से क्या आशय था?
उत्तर:
चार्टर से आशय था इंग्लैण्ड की कोई और व्यापारिक कम्पनी पूरब में ईस्ट इण्डिया कम्पनी से होड़ नहीं कर सकती थी।

प्रश्न 2.
वाणिज्यिक से क्या आशय है?
उत्तर:
एक ऐसा व्यावसायिक उद्यम जिसमें चीजों को सस्ता खरीदकर तथा महँगा बेचकर अर्थात् मुख्य रूप से व्यापार के द्वारा मुनाफा कमाया जाता है।

प्रश्न 3.
भारत के लिए समुद्री मार्ग की खोज किसने और कब की?
उत्तर:
पुर्तगाली नाविक वास्को डि गामा ने 1498 में भारत के लिए समुद्री मार्ग की खोज की।

प्रशस 4.
भारत में पुर्तगाली ठिकाना कहाँ था?
उत्तर:
भारत में पुर्तगाली ठिकाना गोवा में था।

प्रश्न 5.
अंग्रेज किस मार्ग से भारत आए?
उत्तर:
अंग्रेज केप ऑफ गुड होप (दक्षिण अफ्रीका) का चक्कर लगाकर हिन्द महासागर पार करके भारत आए।

प्रश्न 6.
अंग्रेजों एवं पुर्तगालियों के अतिरिक्त उन दो विदेशी शक्तियों के नाम बताइए जिन्होंने भारत के साथ व्यापारिक सम्बन्ध स्थापित किए।

उत्तर:
डच एवं फ्रांसीसी।

प्रश्न 7.
यूरोपीय कम्पनियों के लिए प्रमुख व्यापारिक वस्तुएँ कौनसी थीं?
उत्तर:
सूती एवं रेशमी कपड़े, काली मिर्च, लौंग, इलायची, दालचीनी आदि।

प्रश्न 8.
पहली इंग्लिश फैक्टरी (कारखाना) की स्थापना कब और कहाँ की गई थी?
उत्तर:
पहली इंग्लिश फैक्टरी की स्थापना 1651 में हुगली नदी के किनारे की गई थी।

प्रश्न 9.
भारत में पहली इंग्लिश फैक्टरी की स्थापना के समय कम्पनी के व्यापारी किस नाम से जाने जाते थे?
उत्तर:
कम्पनी के व्यापारी तब 'फैक्टर' के नाम से जाने जाते थे।

प्रश्न 10.
किस मुगल शासक ने फरमान द्वारा कम्पनी को बिना चुंगी दिए व्यापार करने का अधिकार दिया?
उत्तर:
औरंगजेब ने अपने फरमान द्वारा कम्पनी को बिना चुंगी दिएं व्यापार करने का अधिकार प्रदान किया।

प्रश्न 11.
बंगाल के उन नवाबों के नाम बताइए जिन्होंने अंग्रेजों को रियायतें देने से मना किया।
उत्तर:

- मुर्शीद कुली खान,
- अली वर्दी खान,
- नवाब सिराजुद्दौला।

प्रश्न 12.
प्लासी का युद्ध किस-किसके बीच हुआ था?
उत्तर:
प्लासी का युद्ध बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला तथा ईस्ट इण्डिया कम्पनी के बीच हुआ था।

प्रश्न 13.
उस सेनापति का नाम बताइए जिसने प्लासी की लड़ाई में सिराजुद्दौला को धोखा दिया।
उत्तर:
मीर जाफर।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 14.
बक्सर की लड़ाई में बंगाल के किस नवाब को पराजित किया गया?
उत्तर:
मीर कासिम को।

प्रश्न 15.
किसने और कब कम्पनी को बंगाल प्रान्त का दीवान बनाया?
उत्तर:
मुगल सम्राट ने 1765 में कम्पनी को बंगाल प्रान्त का दीवान बनाया।

प्रश्न 16.
ब्रिटिश संसद द्वारा रॉबर्ट क्लाइव से क्यों पूछताछ की गई?
उत्तर:
क्योंकि रॉबर्ट क्लाइव पर भारत में अपनी सेवा के दौरान भ्रष्टाचार तथा अवैध रूप से धन संग्रह करने के आरोप थे।

प्रश्न 17.
भारतीय रियासतों में कम्पनी द्वारा नियुक्त रेजिडेंट की क्या भूमिका थी?
उत्तर:
रेजिडेंट के माध्यम से कम्पनी भारतीय रियासतों के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप कर सकती थी।

प्रश्न 18.
सहायक सन्धि अपनाने वाली किन्हीं दो भारतीय रियासतों के नाम बताइये।
उत्तर:

- अवध तथा
- हैदराबाद।

प्रश्न 19.
किस विदेशी शक्ति ने टीपू को सेना के आधुनिकीकरण में सहायता की?
उत्तर:
फ्रांसीसियों ने टीपू को उसकी सेना के आधुनिकीकरण में सहायता की।

प्रश्न 20.
टीपू सुल्तान किंस लड़ाई में तथा कब मारा गया?
उत्तर:
टीपू श्रीरंगपट्म की लड़ाई में 4 मई, 1799 को मारा गया।

प्रश्न 21.
सन् 1761 में कौनसा युद्ध हुआ था? इसमें किसकी हार हुई थी?
उत्तर:
सन् 1761 में पानीपत का तीसरा युद्ध हुआ था। इसमें मराठों की हार हुई थी।

प्रश्न 22.
किन्हीं चार मराठा राजवंशों के नाम बताइए।
उत्तर:

- सिंधिया,
- होल्कर,
- गायकवाड़,
- भोंसले।

प्रश्न 23.
सर्वोच्चता का सिद्धान्त क्या था?
उत्तर:
इस सिद्धान्त के अनुसार, कम्पनी की सत्ता सर्वोच्च थी। अतः इसकी शक्ति एवं स्थिति भारतीय राज्यों की अपेक्षा ऊँची थी।

प्रश्न 24.
चेन्नम्मा कौन थी?
उत्तर:
चेन्नम्मा कर्नाटक में कित्तूर की रानी थी।

प्रश्न 25.
विलय नीति सिद्धान्त के तहत अंग्रेजी राज्य में मिलाए गए राज्यों के नाम बताइए।
उत्तर:

- सतारा,
- उदयपुर,
- नागपुर,
- झाँसी
- संबलपुर।

प्रश्न 26.
ब्रिटिश भारत में कितने प्रेसीडेंसी थे? उनके नाम बताइए।
उत्तर:
ब्रिटिश भारत में तीन प्रेसीडेंसी थे-

- बंगाल,
- मद्रास तथा
- बम्बई।

प्रश्न 27.
किस नई तकनीकी ने अंग्रेजों को एक भौगोलिक औपनिवेशिक शक्ति के रूप में उभरने में मदद की?
उत्तर:
भाप (वाष्प) तकनीकी ने।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 28.
मुफ्ती से आप क्या समझते हैं?
उत्तर:
मुस्लिम समुदाय का एक न्यायविद जो कानूनों की व्याख्या करता है, मुफ्ती कहलाता है।

प्रश्न 29.
कलेक्टर का मुख्य कार्य क्या था?
उत्तर:
कलेक्टर का मुख्य कार्य लगान और कर इकट्ठा करना तथा न्यायाधीशों, पुलिस अधिकारियों तथा दारोगा की सहायता से जिले में कानून-व्यवस्था बनाये रखना था।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
मुगल साम्राज्य कमजोर क्यों पड़ गया था?
उत्तर:
1707 ई. में शक्तिशाली मुगल सम्राट औरंगजेब की मृत्यु हो गई थी। उसकी मृत्यु के बाद अनेक मुगल सूबेदार तथा बड़े जमींदार अपनी ताकत दिखाने लगे थे। उन्होंने अपनी क्षेत्रीय रियासतें स्थापित कर ली थीं। इस प्रकार जैसे-जैसे विभिन्न भागों में ताकतवर क्षेत्रीय रियासतें उभरने लगी, मुगल साम्राज्य कमजोर पड़ता गया।

प्रश्न 2.
राजकीय चार्टर से ईस्ट इण्डिया कम्पनी को क्या सुविधाएँ मिलीं?
उत्तर:

- इस चार्टर द्वारा कम्पनी को पूरब से व्यापार करने का एकाधिकार मिल गया।
- ईस्ट इण्डिया कम्पनी समुद्र पार जाकर नए इलाकों को खंगाल सकती थी।
- कम्पनी नई जगहों की खोज कर वहाँ से चीजें सस्ती दरों पर खरीद कर वापस यूरोप में ऊँची कीमतों पर बेच सकती थी।
- इस इलाके में कम्पनी से इंग्लैण्ड की कोई अन्य व्यापारिक कम्पनी प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकती थी।

प्रश्न 3.
यूरोपीय कम्पनियाँ आपस में क्यों झगड़ती रहती थीं?
उत्तर:

- सभी कम्पनियाँ एक जैसी चीजें ही ख़रीदना चाहती थीं। इसलिए वे व्यापार में एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी थीं।
- यूरोपीय व्यापारिक कम्पनियाँ तभी फल-फूल सकती थीं जब वे अपनी प्रतिस्पर्धी कम्पनी को समाप्त कर देतीं।
- अपने-अपने लिए बाजार को सुरक्षित करने की जरूरतों के कारण ये कम्पनियाँ आपस में झगड़ती रहती थीं।

प्रश्न 4.
कम्पनी के अधिकारियों को ब्रिटेन में 'नबॉब' क्यों कहा जाता था?
उत्तर:

- जब कम्पनी के अधिकारी भारत से काफी मात्रा में धन कमाकर ब्रिटेन लौटते थे तो ये वहाँ आलीशन जिन्दगी जीते थे तथा अपनी अमीरी का प्रदर्शन करते थे।
- लोग इन्हें नये अमीरों तथा रातों-रात ऊँची सामाजिक हैसियत पाने वालों के रूप में देखते थे और भारतीय शब्द नवाब के अंग्रेजीकरण से बने शब्द 'नबॉब' द्वारा उन्हें सम्बोधित करते थे। नाटकों तथा कार्टूनों में उनका मजाक उड़ाया जाता था।

प्रश्न 5.
सन् 1801 में अवध का आधा इलाका कम्पनी ने क्यों छीन लिया?
उत्तर:
अवध रियासत ने कम्पनी के साथ सहायक सन्धि कर रखी थी। इस सन्धि के तहत रियासत की सुरक्षा की जिम्मेदारी कम्पनी पर आ जाती थी तथा 'सहायक सेना' के रख-रखाव के लिए रियासत कम्पनी को पैसा देती थी। अवध का नवाब 'सहायक' सेना के रख-रखाव के लिए कम्पनी को भुगतान नहीं कर पाया था अतः 1801 में कम्पनी ने नवाब को अपना आधा इलाका कम्पनी को सौंपने को मजबूर कर दिया।

प्रश्न 6.
कम्पनी ने भारतीय रियासतों में रेजिडेन्ट क्यों तैनात किये?
उत्तर:
बक्सर के युद्ध (1764) के बाद कम्पनी ने अपने हितों की रक्षा तथा उन्हें आगे बढ़ाने के लिए भारतीय रियासतों में रेजिडेन्ट तैनात किये। ये कम्पनी के राजनीतिक या व्यावसायिक प्रतिनिधि होते थे। इनके माध्यम से कम्पनी के अधिकारी रियासतों के अन्दरूनी मामलों में भी दखल देने लगे थे। अगला राजा कौन होगा, किस पद पर किसको बिठाया जायेगा, आदि बातें भी इनके माध्यम से कम्पनी ही तय करती थी।

प्रश्न 7.
आंग्ल-मराठा युद्धों का वर्णन कीजिए।
उत्तर:

- प्रथम आंग्ल-मराठा युद्ध, बिना किसी निर्णय के, 1782 में सालबाई की सन्धि द्वारा खत्म हुआ।
- द्वितीय आंग्ल-मराठा युद्ध (1803-05) में कम्पनी मराठों से उड़ीसा को छीनने में सफल रही। साथ ही, इसने दिल्ली एवं आगरा समेत यमुना के उत्तरी क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया।
- तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध (1817-19) ने मराठा शक्ति को खत्म कर दिया। पेशवा को पुणे से हटाकर बिठूर (कानपुर के नजदीक) में पेंशन पर भेज दिया गया।

प्रश्न 8.
अंग्रेज उत्तर-पश्चिमी सीमा को क्यों सुरक्षित करना चाहते थे? इसके लिए उन्होंने क्या किया?
उत्तर:

- रूस एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा था, अंग्रेजों को डर था कि रूस उत्तर-पश्चिमी सीमा के रास्ते भारत में प्रवेश कर सकता था।

https://www.evidyarthi.in/